हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 15 जुलाई 2024

06 मिली सौगातः प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस...

07 आश्रम में मासिक सत्संग और भजन का हुआ आयोजन




### 50 हजार से अधिक भक्तों ने किए माता के दर्शन, मनोकामना के लिए कराए हवन-अनुष्ठान

# गुप्त नवरात्रिः मां बगलामुखी के दरबार में रविवार को उमड़ा भक्तों का सैलाब





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर गुप्त नवरात्रि के अष्टम दिवस रविवार को मां के आंगन में आस्था का सैलाब देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने घंटों लाइन में लगकर मां के दर्शन किए। इस दौरान मां के जयकारे से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो रहा था। रविवार अवकाश का दिन होने एवं नवरात्रि की अष्टमी होने से सुबह से ही भक्तों की भीड़ माता मंदिर पर लगी रही जो देर रात तक जारी थी। इस दौरान लगभग 50 हजार से अधिक भक्तों ने मां के दरबार में अपनी हाजरी लगाई। हवन कुंड पर भी भक्तों को हवन अनुष्ठान करने के लिए इंतजार करना पड़ा। सुबह से ही शाम 7 बजे तक के लिए सभी हवन कुंड की बुकिंग हो चुकी थी।

रविवार को अल सुबह मंगला आरती के बाद से ही मां बगलामुखी के दरबार में श्रद्धालु मां के दर्शन के लिए पहुंचने लगे थे। जैसे जैसे समय बीतने लगा वैसे वैसे भक्तों की भीड़ बढ़ती गई। अनुमान है कि देर शाम तक 50 हजार से अधिक श्रद्धालु माता के दर्शनार्थ माता मंदिर पहुंचे। यहां पहुंचे भक्तों ने मां के दर्शन किए तो कई भक्तों ने मां के आंगन में परिवार की सुख, शांति, समृद्धि तथा मनोकामना पूर्ति के लिए हवन अनुष्ठान भी किए। मंदिर समिति द्वारा 75 से अधिक हवन कुंड बनाए हुए है। जहां पर भी भक्तों को हवन के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। इस दौरान कई वीआईपी भी हवन के लिए इंतजार करते देखे गए। मां के दर्शनों का दौर देर रात तक चलता रहा, मंदिर के बाहर सूर्यमुखी हनुमान मंदिर से लेकर सिंहद्वार तक भक्तों की लंबी - लंबी कतारें लगी हुई थी। भक्त मां की एक झलक पाने को आतुर दिखाई दे रहे थे। नवरात्रि के दौरान भक्तों का गर्भ गृह में प्रवेश बंद होने से भक्तों को बाहर से ही माता रानी के दर्शन हो रहे थे।

#### कई स्थानों को बनाया पार्किंग स्थल

रविवार को मां बगलामुखी मंदिर पर सैकड़ो की संख्या में चौपहिया वाहनों के साथ दो पहिया वाहन एवं बसो के माध्यम से माता भक्त मंदिर पहुंचे थे। पुलिस एवं प्रशासन द्वारा वाहनों के लिए निर्धारित स्थानों पर पार्किंग बनाई गई थी। इसके बाद भक्तो को जहाँ जगह मिली वहां गाड़ी पार्क की ओर वहां से माता के दर्शन के लिए पैदल ही मंदिर पहुंचने लगे।

#### भक्तों ने भोजन प्रसादी का लिया लाभ

रविवार को मां बगलामुखी मंदिर पर पहुंचे हजारों माता भक्तों द्वारा दर्शन, हवन-अनुष्ठान के बाद पीतांबरा सेवा समिति द्वारा चलाए जा रहे भंडारा परिसर में पहुंचकर भोजन प्रसादी का लाभ लिया।

#### प्रशासन रहा अलर्ट

मां बगलामुखी मंदिर पर रविवार को हजारों की संख्या में माता भक्तों के पहुंचने की संभावनाओं को देखते हुए पुलिस विभाग सहित राजस्व विभाग के प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ अन्य विभाग के कर्मचारी व्यवस्था संभालने के लिए मंदिर परिसर तथा परिसर के बाहर अलर्ट दिखाई दिए। मंदिर समिति अध्यक्ष एसडीएम मिलिंद ढोके, एसडीओपी देवनारायण यादव, मंदिर समिति सचिव तहसीलदार प्रेमनारायण परमार, थाना प्रभारी शशि उपाध्याय मंदिर की व्यवथाओ को संभालते दिखाई दिए और भक्तों को मां के दर्शन सुगमता से हो उसके लिए चाक चौबंद व्यवस्था प्रशासन द्वारा की गई थी।

#### *मनोकामना के लिए करवाए जा रहे हवन अनुष्ठान*



*नगर में स्थित मां बगलामुखी मंदिर के संबंध में मान्यता है कि किसी भी भक्त द्वारा अपनी मनोकामना के लिए मंदिर परिसर में हवन अनुष्ठान करवाया जाता है तो उस भक्त की मनोकामना शीघ्र पूर्ण होती है। इसी को लेकर भक्त अपनी मनोकामना लेकर मां के दर पर विशेष हवन अनुष्ठान करवा रहे हैं। मां बगलामुखी मंदिर पर मुख्य मंदिर के पीछे एवं सांदीपेंद्र आश्रम के समीप यज्ञशाला स्थित है। जहाँ हवन के दौरान हो रहे मंत्रोच्चार से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो रहा है। हवन अनुष्ठान करने वाले भक्तों की संख्या इतनी अधिक है कि रात्रि के समय भी यज्ञशाला में हवन अनुष्ठान हो रहे हैं। गुप्त नवरात्रि के दौरान माता मंदिर पर देश की कई राजनीतिक हस्तियों के साथ न्यायिक क्षेत्र व प्रशासनिक क्षेत्र से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी भी माता मंदिर पहुंच रहे है,जहां उनके द्वारा माता रानी के दर्शन कर विशेष हवन अनुष्ठान विधि-विधान के साथ किए जा रहे हैं।*

### कॉलेज परिसर में पौधारोपण किया

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस उद्घाटन का सीधा प्रसारण देखा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

रविवार को केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता, उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार एवं अन्य अतिथियों की गरिमामई उपस्थिति में प्रदेश के 55 जिलों में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का एक साथ उद्घाटन अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इंदौर के प्रांगण में वर्चुअली किया गया। जिसका सीधा प्रसारण सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में प्रोजेक्टर के माध्यम से देखा गया। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ जगदीश प्रसाद कुल्मी के नेतृत्व में एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जीएल रावल के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

### वन स्टॉप सेंटर भेजा

## मारपीट व शादी करवाने के डर से भागी दो बालिकाएं मिली

**नलखेड़ा।** माता-पिता की मारपीट व शादी करवाने के दबाव के डर से दो बालिकाएं राजस्थान के झालावाड़ से भागकर नलखेड़ा पहुंचीं, जिन्हें रात्रि में एक चौराहे के समीप गश्ती पुलिस ने देखा। जिन्हें पूछताछ कर काउंसिलिंग के लिए वन स्टॉप सेंटर भेजा गया। स्थानीय थाना प्रभारी शशि उपाध्याय ने बताया कि शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात 2 बजे दो बालिकाओं सावत्री पिता सुदामा उम्र 14 वर्ष एवं सोनिका पिता सौदागर उम्र 13 वर्ष दोनों निवासी झालावाड़ राजस्थान को गश्ती ड्यूटी पुलिस द्वारा नगर के प्रमुख चौराहे शिवाजी चौराहे के समीप स्थित एक दुकान के बाहर देखकर पूछताछ के लिए थाने लाए। जहां उन्होंने बताया कि माता पिता की मारपीट व शादी करवाने के दबाव के डर से वे झालावाड़ राजस्थान से बस से नलखेड़ा आ गईं।

## भाजपा के कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ हैंः सुदीप प्रजापति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के अनुसार सीहोर नगर मंडल की बैठक विधायक कार्यालय सीहोर में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं जिला महामंत्री राजकुमार गुप्ता के मुख्य आतिथ्य एवं मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

शनिवार को बैठक में नव नियुक्त भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमाम चुनौतियों का सामना करते हुए अपने कुशल नेतृत्व से विश्व पटल पर देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा भाजपा के कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ हैं। कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही आज देश में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है। हमारे प्रदेश में डॉ. मोहन यादव की सरकार भी तेजी से सर्व कल्याण की नीतियों पर अमल करते हुए सबका विकास कर रही है।

मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने द्वारा 11 जुलाई से 15 अगस्त तक होने वाले विभिन्न कार्यक्रम की रुपरेखा बताई। बैठक में मुख्य अतिथि राजकुमार गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा जनहित के कार्य में लगी रहती है तेरा वैभव अमर रहे मां हम दिन चार रहे ना रहे बैठक के प्रारंभ में भारतीय जनता पार्टी के पित्र पुरुष डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तत्पश्चात नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति का स्वागत सभी की ओर से निर्मल पवार द्वारा किया गया।

इस अवसर पर नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष श्री प्रजापति ने मंच पर उपस्थित जिला महामंत्री राजकुमार गुप्ता रवि नागले पंकज गुप्ता मानसिंग पवार पंडित रमाकांत समाधिया धर्मेंद्र राठौर कक्का सुभाष मेवाड़ा नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन सास्ता, अशोक सिसोदिया, कन्हैयालाल मालवीय सुभाष मेवाड़ा पूर्व पार्षद संतोष कुशवाहा डॉक्टर गगन नामदेव बृजमोहन सोनी गोपाल सोनी मोहन चौरसिया सहित उपस्थित सभी भाजपा कार्यकर्ताओं हरिओम शर्मा दाऊ राजू सिकरवार महेश पारीक शेर सिंह राजपूत संजय राय बाबा अखिलेश चौरसिया कीर्ति श्रीवास्तव राजा अग्रवाल राजेश परिहार पप्पू यादव अनूप चौधरी पार्षद राहुल राय राजेश माझी लखन चौरसिया प्रदीप बिजोरिया दिनेश कुशवाह पप्पू कमलेश कुशवाहा अर्जुन राठौर संतोष शाक्य नरेंद्र राजपूत विशाल राठौर मुकेश मेवाडा जितेंद्र यादव मिथिलेश शर्मा हर्ष ताम्रकार नट्टू राठौर तुषार सोनी बाटा विनय तिवारी दीपक राठौर रघु मेवाड़ा आदित्य उपाध्याय प्रब्णय शर्मा राहुल यादव सूर्या कसोतिया अमित नीखरा नीरज जाटव संदीप कुशवाह प्रफुल्ल वंशकार शिवम गुप्ता देवेंद्र सोनी प्रदीप वशिष्ठ सुशील ताम्रकार दिनेश विश्वकर्मा राहुल शर्मा अशोक समाधिया कपिल कुशवाहा शाहिद सहित महिला मोर्चे की मंडल अध्यक्ष सीमा परिहार रेखा चौरसिया ज्योति मालवी प्रेमलता राठौर मिथिलेश राठौड़ सोनू ठाकुर पुष्प लता राठौड़ सीमा सक्सेना सहित भाजपा कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र पहनाकर कर स्वागत किया।

### व्यवस्थाओं में परिवर्तन की आवश्यकता...

## हवन-अनुष्ठान की रसीदें पंडित बनवाकर रख रहे अपने पास, भक्तों को करना पड़ रहा है इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



मां बगलामुखी मंदिर पर मान्यता है कि हवन अनुष्ठान करने पर माता रानी शीघ्र मनोकामना पूर्ण करती हैं। इसीके चलते बड़ी संख्या में भक्त मंदिर परिसर में हवन अनुष्ठान करते हैं। इसके लिए मां बगलामुखी मंदिर प्रबंध समिति द्वारा हवन कुंड किराया तय किया हुआ है, जिसकी समिति के कार्यालय पर रसीद बनती है उसके बाद हवन अनुष्ठान किया जा सकता है।

विशेष पर्वो व अवकाश के दिनों में हवन अनुष्ठान करने वाले भक्तों की संख्या अधिक होती है जिसके कारण उन्हें कई घंटों का इंतजार भी करना पड़ता है। ऐसे में सिद्धपीठ पर मौजूद कर्मकांडी पंडित और उनके सहायक हवन अनुष्ठान के लिए रसीद बनवाकर अपने पास रख लेते हैं। जबकि उनके जजमान मंदिर पर नहीं होते हैं। इसके चलते जो भक्त मंदिर पर ही होते हैं उन्हें हवन अनुष्ठान के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है।

रविवार को भी ऐसा ही दृश्य देखने को मिला। जब हवन अनुष्ठान की रसीदें बनवाने की कतार में भक्तों से अधिक संख्या पंडितों की दिखाई दे रही थी। मंदिर परिसर में ही मौजूद अन्य पंडितों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि कई पंडितों ने पांच-पांच, छह-छह रसीदें बनवा लीं जबकि उनके जजमान मंदिर पर नही थे। जब इस मामले को लेकर आक्रोश व्यक्त होने लगा तो प्रबंध समिति अध्यक्ष एसडीएम मिलिंद ढोके द्वारा केवल भक्तों को ही रसीद बनाने के निर्देश दिए एवं किसी भी पंडित को रसीद नहीं बनाने के निर्देश दिए, लेकिन तब तक कई पंडित रसीदें बनवा चुके थे। मामले में कई पंडितों ने बताया कि वर्तमान में बड़ी संख्या में ऐसे पंडित मौजूद हैं जिन्हें कोई पहचानता तक नहीं है वे रसीदें बनवाकर उन रसीदों को दोगुना राशि लेकर भक्तों को दे रहे हैं।

#### प्रबंध समिति में लिया जाएगा निर्णय

मंदिर समिति कार्यालय से पंडितों द्वारा रसीद बनवाए जाने के मामले में शिकायत के बाद पंडितों को कार्यालय से रसीद बनाने से रोका गया है। यजमान ही अपने नाम की रसीद कार्यालय से बनवाएंगे। आगे इस प्रकार की स्थिति निर्मित न हो जिसके कारण भक्तों को हवन के लिए इंतजार करना पड़े। इस व्यवस्था में सुधार के लिए प्रबंध समिति में निर्णय कर उसे अमल में लाया जाएगा।

**मिलिंद ढोके अध्यक्ष,**
**मां बगलामुखी मंदिर समिति एवं**
**एसडीएम सुसनेर-नलखेड़ा**

### नोडल अधिकारी प्रत्येक शाला से प्रतिदिन कराएंगे एसएमएस

## मध्यान्ह भोजन वितरण की जानकारी एसएमएस से हो रही दर्ज



**पंजीयन में गड़बड़ी के बाद नई व्यवस्था हुई लागू**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

मध्यान्ह भोजन वितरण में हो रही गड़बड़ियों और अनियमितताओं को रोकने के लिए सरकार ने एक नई व्यवस्था लागू कर दी है। अब हर रोज स्कूलों में मध्यान्ह भोजन की जानकारी एसएमएस के माध्यम से दी जा रही है। इस जानकारी को एक ऑटोमेटिक सिस्टम दर्ज करेगा। जिससे डाटा में हेर फेर की संभावना कम होगी। यहां कदम मध्यान्ह भोजन बांटने में सामने आने वाली गड़बड़ियों को देखते हुए शासन द्वारा उठाया गया है। नलखेड़ा ब्लॉक के 126 स्कूलों में 7108 बच्चों को इस योजना के तहत लाभान्वित किया जा रहा है। नलखेड़ा विकासखंड के बीईओ दिनेश त्रिवेदी ने बताया कि यह नई व्यवस्था मध्यान्ह भोजन योजना को और अधिक प्रभावी बनाने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार मध्यान्ह भोजन योजना के तहत बच्चों को पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उक्त कार्य की मॉनिटरिंग के लिए प्रत्येक शाला में एक शिक्षक को नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। नोडल अधिकारी का यहां दायित्व होगा कि प्रत्येक शाला से प्रतिदिन एसएमएस कराया जाए। बीआरसी कार्यालय से भी इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक शिक्षक की नियुक्ति की गई है जो उक्त कार्य की मॉनिटरिंग करेंगे।

#### प्रभारी द्वारा की जाएगी मॉनिटरिंग

इस संबंध में दिनेश त्रिवेदी बीईओ विकासखंड नलखेड़ा का कहना है कि नलखेड़ा ब्लॉक के कुल 126 स्कूलों में स्व सहायता समूह के माध्यम से करीब 7108 बच्चों को मध्यान्ह भोजन का लाभ दिया जा रहा है। जिसकी मॉनिटरिंग ऑटोमेटिक सिस्टम से कराई जा रही है इसके लिए बीआरसी कार्यालय से भी एक प्रभारी की नियुक्ति की गई है जो इस योजना के तहत वितरण हो रहे भोजन व एसएमएस की जानकारी की मॉनिटरिंग करेंगे। जिसमें उनके द्वारा मध्यान्ह भोजन में कोई गड़बड़ी भोजन वितरण के दौरान शालाओं में न हो और पारदर्शिता के साथ बच्चों को पौष्टिक भोजन मिल सके इस पर निगरानी की जाएगी।



#### *नई व्यवस्था की मुख्य विशेषताएं*

- ***रोजाना एसएमएस***- *हर रोज स्कूलों में मध्यान्ह भोजन की जानकारी एसएमएस के माध्यम से अभिभावकों और संबंधित अधिकारियों को शाला प्रमुख द्वारा भेजी जाएगी।*
- ***ऑटोमेटिक डाटा एंट्री*** - *यह जानकारी एक ऑटोमेटिक सिस्टम में दर्ज होगी जिससे डाटा में हेर फेर की संभावना कम होगी।*
- ***पारदर्शिता में वृद्धि*** - *इस व्यवस्था के लागू होने से मध्यान्ह भोजन वितरण प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता आएगी और अनियमिताओं पर अंकुश लगेगा।*

### कृषक अनुशंसित खरपतवार का ही उपयोग करें

## सोयाबीन फसल के लिए जिले के कृषकों के लिए दी सलाह

**नलखेड़ा।** सोयाबीन की फसल में कीट रोग एवं खरपतवार का नियंत्रण समय पर नहीं करने से फसल उत्पादन प्रभावित होती हैं। सोयाबीन की फसल में प्रमुख रूप से संकड़ी पत्ती या एक दलपत्रीय एवं चौड़ी पत्ती या दो दलपत्रीय खरपतवार पाए जाते है। जैसे सँवा घास, दूब घास, बोकना, बोकनी, मोथा, दिवालिया, छोटी बड़ी दुद्दी, हजार दाना, सफेद मुर्ग, इत्यादि।

कृषि विज्ञान केन्द्र आगर मालवा के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ आरपीएस शक्तावत जिले के कृषकों के लिए सलाह जारी की है कि फसल की प्रारंभिक अवस्था में 45 से 60 दिन तक फसल खरपतवार मुक्त रहनी चाहिए, इसके लिए 15 से 20 दिन की स्थिति में बेल चलित डोरा या कल्पा चलाना चाहिए या निदाई गुड़ाई करनी चाहिए। लगातार बारिश की स्थिति में खरपतवार प्रबंधन रसायन के छिड़काव द्वारा किया जा सकता है। कृषक केवल अनुशंसित खरपतवारनाशी का ही उपयोग करें, खरपतवारनाशकों के छिड़काव हेतु 500 लीटर पानी प्रति हैक्टेयर का उपयोग करें।खरपतवारनाशकों के छिड़काव हेतु फ्लैट फेन या फ़्लड जेट नोजल का ही उपयोग करें। खरपतवारनाशकों के छिड़काव नम या भुरभुरी मिट्टी में ही करें। सूखी मिट्टी पर छिड़काव नहीं करें, एक ही खरपतवारनाशी का उपयोग बार बार नहीं करे। रसायन चक्र को अपनाएं। एक से अधिक खरपतवारनाशक या उनका अन्य किसी खरपतवारनाशकों या कीटनाशक के साथ मिश्रित उपयोग कदापि नहीं करें जो अनुशंसित नहीं हो। इससे सोयाबीन के पूर्णतः खराब होने की संभावना रहती है। बोवनी के पूर्व या बोवनी के तुरंत पश्चात खरपतवारनाशियो के उपयोग किए जाने की स्थिति में 20 से 25 दिन की स्थिति में बेल चलित डोरा या कल्पा चलाना चाहिए।

**खबर संक्षेप**

## दो पक्षों में हुए विवाद में महिला-पुरुष हुए घायल

**देवास।** बालगढ़ क्षेत्र में बीती रात हुए एक विवाद के बाद दो पक्ष बंगाली समाज व बंजारा समाज आमने-सामने हो गए और जमकर दोनों से पत्थर बाजी के साथ मारपीट हो गई,जिसमें दोनों पक्षों से करीब आधा दर्जन महिला-पुरुष घायल हो गए। सूचना मिलने के बाद एएसपी जयवीर सिंह भदोरिया सहित भारी संख्या में पुलिसबल मौके पर पहुंचा और घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल क्षेत्र में शांति है। वार्ड क्रमांक 42 के पूर्व पार्षद अर्जुन चौधरी ने बताया कि बीती रात हाउसिंग बोर्ड कालोनी है जो बालगढ़ क्षेत्र में आती है। एक पक्ष के घर में कुत्ता है उसके भोकने पर यह विवाद हुआ था जो मारपीट में तब्दील हो गया। जानकारी के अनुसार एक पक्ष से जगदीश गरासिया, आकाश सहित अन्य व दूसरे पक्ष से राजेश, मंजू व दिलीप सहित अन्य घायल हुए जिनका उपचार जिला अस्पताल में किया गया। पुरे मामले में पुलिस जांच कर रही है। पुलिस ने देर रात को फरियादी प्रकाश पिता हजारीलाल गरासिया उम्र 40 निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी बालगढ़ की रिपोर्ट पर आरोपी राजेश बंगाली, चंदन बंगाली, पीयूस राय, अक्षय, प्रदीप , मुकून व दो अन्य के खिलाफ घर में घूसकर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी व तोडफ़ोड़ करने की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है दूसरे पक्ष की और से फरियादी अक्षय पिता रेवती मंडल उम्र 26 निवासी बंगाली कालोनी की रिपोर्ट पर आरोपी आकाश बंजारा, प्रकाश बंजारा, आकाश के काका व आकाश की मां एवं दो अन्य के खिलाफ मारपीट व धमकी देने की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

### प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के विद्यार्थियों को मिलेगी बस सुविधा

# मिली सौगात: प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का शासकीय श्री कृष्णाजीराव पवार महाविद्यालय देवास में हो गया शुभारंभ

### महाविद्यालय परिसर में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पौधरोपण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार किया गया है। इसके तहत प्रदेश के 55 जिलों के महाविद्यालयों को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में उन्नयन किया गया। ₹प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ समारोह शासकीय श्री कृष्णाजी राव पवार स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुआ। शुभारंभ कार्यक्रम जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटारिया, नगर निगम सभापति रवि जैन, जनभागीदारी अध्यक्ष मनीष पारिक, अन्य महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष आशीष व्यास, मनोरमा सोलंकी, भरत चौधरी, वरिष्ठ पत्रकार अनिल सिकरवार, नयन कानूनगो, वरिष्ठ नागरिक शिवनारायण पाठक, भेरूलाल अटारिया, सीईओ जिाल पंचायत हिमांशु प्रजापति, अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम बिहारी सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मंचासीन थे। कार्यक्रम में नगर निगम सभापति जैन से संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देवास के लिए बड़े ही गौरव और हर्ष की बात है कि जिला मुख्य महाविद्यालय आज से ₹प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस" में उन्नयित हो गया है। इसके उन्नयित हो जाने से अब विद्यार्थियों को बहु संकाय की शिक्षा मिलेगी। इसके साथ ही ग्रामीण अंचलों से आने वाले विद्यार्थियों को बस सुविधा मिलेगी। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के लिए मैं सभी विद्यार्थियों को बधाई देता हूं तथा खूब पढ़े और आगे बढ़कर देवास का नाम पूरे देश में रोशन करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में देश एवं प्रदेश में कई ऊंचाइयां मिल रही है। पहले इस कॉलेज में कई विषयों की पढ़ाई नहीं हो पा रही थी, जिससे विद्यार्थियों को दूसरे कॉलेजों या अन्य शहरों की ओर जाना पड़ता था, लेकिन अब यहां इन विषयों की पढ़ाई होगी। उन्होंने कहा कि कॉलेज को राशि भी मिलने वाली है। शीघ्र कॉलेज के लिए जमीन चयनित करके बड़ा कॉलेज बनाएंगे। कार्यक्रम में स्वागत भाषण शासकीय श्री कृष्णाजी राव पवार स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रतन सिंह अनारे ने कहा कि



महाविद्यालय का प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में उन्नयन हो गया है तथा उसका विधिवत शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। इसके उन्नयन होने से अब इस महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए बहु संकाय अध्यापन करेंगे। बच्चों के लिए भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। यहां पर भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़ी पुस्तकों का भी प्रदर्शन रहेगा। यहां पर अध्यन-अध्यापन की सुविधा रहेगी। मप्र हिन्दी ग्रंथ एकादमी की जो पुस्तकें प्रकाशित होती है उनका भी स्टॉल लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय के आकर्षक बनाया जा रहा है। इसके साथ ही विद्यार्थियों के लिए बस सुविधा भी शुरू की गई है, जिससे कॉलेज आने वाले विद्यार्थियों को आसानी होगी। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक शिवनारायण पाठक, मनोरमा सोलंकी, नयन कानूनगो, प्राध्यापका डॉ. रश्मि ठाकुर, डॉ. संजय बारोनिया सहित अन्य प्राध्यापकों से संबोधित किया।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंसी राज्य स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम इंदौर के अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में देश के गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आतिथ्य में हुआ। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एलईडी के माध्यम से देवास में आयोजित कार्यक्रम में देखा व सुना गया। इसके पूर्व महाविद्यालय पर बनी पुस्तक का विमोचन जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा किया गया। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने लाइब्रेरी का उद्घाटन किया तथा वहां पर संग्रहित पुस्तकों की जानकारी ली। कार्यक्रम का संचालन डॉ. एसपीएस राणा ने किया।

### टोंकखुर्द महाविद्यालय में भी पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शुभारंभ का प्रसारण देखा

भारत के केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा 14 जुलाई को मध्य प्रदेश के 55 जिलों में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का एक साथ शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय टोंकखुर्द के प्रांगण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रमों के माध्यम से भारतीय ज्ञान परंपरा से परिचित कराने तथा उत्कृष्ट गुणवत्तापूर्ण समग्र समावेशी और रोजगारोन्मुखी शिक्षा का प्रचार प्रसार किया गया। उद्घाटन समारोह का सीधा प्रसारण महाविद्यालय में किया गया। कार्यक्रम में जनभागीदारी अध्यक्ष अनोप सिंह सेंधव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भी पूरे स्टाफ के साथ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस की संक्षिप्त जानकारी विद्यार्थियों को दी गई । उक्त कार्यक्रम में पत्रकार बंधु भी उपस्थित थे । कार्यक्रम का आभार डॉक्टर बबीता अग्रवाल ने माना।

**पीएम कॉलेज का हुआ शुभारंभ**

**कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दोपहर 2 बजे यूट्यूब के माध्यम से महारानी पुष्पमाला राजे पवार शासकीय कन्या महाविद्यालय देवास में किया गया।**

मध्य प्रदेश के 55 जिलों में प्रधान मंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के उद्घाटन के लिए 14 जुलाई 2024 को इंदौर के शासकीय अटल बिहारी वाजपेयी कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया जहा गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में जुड़े। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यूट्यूब के माध्यम से महारानी पुष्पमाला राजे पवार शासकीय कन्या महाविद्यालय, देवास में किया गया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दोपहर 2 बजे शुरू हुआ, जिसमें पहले सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मुख्यमंत्री मोहन यादव, उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार और मुख्य अतिथि अमित शाह की उपस्थिति में प्रधान मंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का वर्चुअल उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से बताया गया की प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में नए रोजगारुन्मुखी विषय पढ़ाए जाएंगे, छात्रों के लिए बस सुविधा उपलब्ध होगी, विद्या वन बनाए जाएंगे जहा हर विषय की उत्तम पुस्तकें उपलब्ध रहेंगी। इस कार्यक्रम के सीधे प्रसारण में कन्या महाविद्यालय देवास में प्राचार्य डॉ. भारत सिंह गोयल, प्राध्यापक डॉ. जी. डी. सोनी, डॉ. चारुशिला भोसले, डॉ. उज्ज्वला बाबर, डॉ. शर्मिला काटे, प्रो. लोकेश जारवाल, प्रो. दीपन्विता गांगुली, प्रो. वर्षा गोले, प्रो. प्रीति तगाया, प्रो. शरद वर्मा, प्रो. अंजली वर्मा, महाविद्यालय की छात्राएं एवं तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जय हिंद सखी मंडल ने उद्यान में की साफ सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

उद्यानों और उपवनों का उल्लेख पौराणिक साहित्य में भरपूर किया गया है। किसी स्थान की शोभा उद्यान से ही निर्मित होती है। उद्यानों का सभी प्राणियों के साथ सह अस्तित्व है। मनुष्य के लिए उद्यानों का धार्मिक, सामाजिक, आर्थिक, साहित्यिक और वैज्ञानिक महत्व है। किसी भूमि पर उद्यान विकसित करना एक टीम वर्क है।

सामूहिक प्रयासों से एक बंजर भूमि को उद्यान भूमि में परिवर्तित किया जा सकता है। विभिन्न प्रजातियों के पेड़ पौधे उद्यान की परिकल्पना को साकार करते हैं। निश्चित रूप से यह सब इतना सहज और सरल नहीं होता है। उद्यान विकसित करना सरल होता है किंतु संधारण कठिन।



अपने अथक परिश्रम से ही हम समाज और पर्यावरण को उद्यान रूपी बहुमूल्य उपहार दे सकते हैं। जय हिन्द सखी मंडल द्वारा महारानी चिमनाबाई शा.क.उ.मा.वि. देवास में स्थित उद्यान में सफाई एवं देखभाल अभियान का शुभारंभ करते हुए महारानी राधाबाई शा.क.उ.मा.वि. देवास की प्राचार्य राजश्री काले ने उक्त विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सुविकसित उद्यान शांति, शीतलता, विश्राम और सकारात्मक उर्जा का केन्द्र होता है।

विद्यालय प्राचार्य रूचि व्यास ने जय हिन्द सखी मंडल की छात्राओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि लम्बे समय से बंद पड़े उद्यान को सजाने और संवारने का काम प्राथमिकता से किया जाएगा। ज्ञातव्य है कि पूर्व के समय में उद्यान में छात्राओं का प्रवेश निषेध था।

किंतु अब इस उद्यान को आकर्षक बनाकर छात्राओं के लिए खोल दिया जाएगा। शीघ्र ही वृहद स्तर पर सफाई एवं कटाई छंटाई अभियान चलाकर इसे उपवन की श्रेणी में लाया जाएगा। इस अवसर पर रविन्द्र वर्मा की संकल्पना पर हर्षा महाजन, तनुश्री विश्वकर्मा, पायल बोडाना, खुशी परिहार, स्नेहा ठाकुर, लक्ष्मी बाली, खुशबू चावड़ा, कुसुम गेहलोद, अंजली ठाकुर, राधा कुमावत आदि ने उद्यान के प्रवेश द्वार पर सफाई अभियान चलाकर मार्ग को सुगम्य किया।

## सर्व आदिवासी समाज की बैठक में विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाने के लिए की तैयारी पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सर्व आदिवासी समाज के वरिष्ठ संरक्षक रामदास उईके ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आदिवासी संस्कृति ,जल जंगल जमीन तथा मानव अधिकारों को संरक्षित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त को जिले में धूमधाम से मनाने की तैयारियों को लेकर समाजजनों द्वारा शिवाजी पार्क भोपाल चौराहा पर बैठक आयोजित की गई। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 23 दिसंबर 1994 को पारित प्रस्ताव क्रमांक 46/214 के तहत विश्व आदिवासी दिवस घोषित किया गया है। यह दिवस वर्ष 1995 से प्रतिवर्ष विश्व के सभी देशो में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।जिला स्तर पर तीसरी बार हो रहा यह आयोजन सांस्कृतिक रूप से आकर्षण का केन्द्र बनेगा।



आदिवासी नृत्य दल भाग लेंगे। प्रशासन द्वारा जारी की गई गाइडलाइन का पालन किया जाएगा। रैली में आदिवासी पारंपरिक हथियारों में केवल तीर धनुष की ही अनुमति रहेगी अन्य हथियार प्रतिबंध रहेंगे। समाजजनों द्वारा पौधरोपण भी किया जाएगा। बैठक में मनोहर सिंह कछवाये, मोहन लाल रावत, गोविंद इवने, कमलसिंह सिसौदिया,सचिन देवड़ा, अनिल बरला, प्रीतम बामनिया, महेश रावत, ओमप्रकाश मालीवाड, रवि गामड़, नितेश नागलोथ, जितेंद्र सिंह कर्मा, सुखदेव भगत सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## साइकिल राइडर्स और फिटनेस लवर का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर में इन दिनों साइक्लिंग का चलन लगातार बढ़ता जा रहा है जिसका श्रेय हेमंत वर्मा को जाता है। स्कूल संचालक हेमंत वर्मा शहरवासियों के बेहतर फिटनेस के लिए साइक्लिंग पर जोर देते हैं। उनके प्रयास से शहर में आज कई साइकिलिस्ट सड़कों पर सुबह बेहतर फिटनेस के लिए साइक्लिंग करते नजर आते हैं। हेमंत वर्मा की अब तक 40 हजार किलोमीटर की साइक्लिंग पूरी हो चुकी है। साथ ही अब तक 50 किलोमीटर की 300 राइड भी पूरी कर चुके हैं। इस अवसर पर साइकिल राइडर्स इंदौर के साथियों गणेश काले, नीरज चेलानी, राजेश हीरानी, बृजेश चौहान ने न केवल उनके 300 वी हाफ सेंचुरी राइड में साथ देकर इस राइड के साक्षी बने अपितु उनका सम्मान कर शुभकामनाएं भी प्रदान की। इस अवसर पर फिटनेस लवर्स ग्रुप द्वारा वर्मा का सम्मान किया गया। ग्रुप के प्रद्युम्न सिंह राठौड़, अंशुमन सिंह ,के पी एस राठौर, गुंजन दुबे, विजेंद्र



उपाध्याय भी उपस्थित थे। इस अवसर पर देवास साइकलिंग क्लब के सचिव विमल बाजपाई को भी 20 हजार किलोमीटर की साइक्लिंग पूर्ण करने पर सम्मानित किया गया। विगत कुछ दिन पहले ही वर्मा व बाजपेई ने इंदौर के गणेश काले एवं राजेश हिरानी के साथ देवास से अयोध्या तक साइकिल यात्रा भी की थी। इस अवसर पर देवास साइकलिंग क्लब के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र, योगेश पांडे, सचिन शर्मा, स्वप्निल वर्मा, विनोद पटेल एवं कई युवा साइकिलिस्ट पंकज सिसोदिया, शुभम ठाकुर, क्रिश दुबे,भूमिका परमार ,तनिषा भी उपस्थित रहे।

## माता टेकरी पर युवा संगठन ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

पेड़-पौधों का मानव जीवन में बड़ा महत्व है। वृक्ष हमें न सिर्फ ऑक्सीजन देते हैं, बल्कि फल-फूल, जड़ी बूटियां और लकडिय़ां आदि भी देते हैं। पौधरोपण करने से गर्मी, भू-क्षरण, धूल आदि की समस्या से बच सकते है। अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन जिला इकाई देवास द्वारा रविवार को माता टेकरी पाथ-वे पर पौधरोपण किया गया। संगठन पदाधिकारी व सदस्य बडी संख्या में माता टेकरी पाथवे पर एकत्रित हुए और विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर पोरवाल युवा संगठन संस्थापक राजेंद्र संघवी, प्रदेशाध्यक्ष अशोक पोरवाल, संरक्षक अजय गुप्ता, भारतीय जनता पार्टी जिला महामंत्री पंकज वर्मा, प्रसिद्ध भजन सम्राट द्वारका मंत्री, समाजसेवी प्रशांत सिंह ठाकुर, पोरवाल समाज अध्यक्ष डॉ. रजनीश पोरवाल, देवीलाल पोरवाल,



युवा संगठन जिलाध्यक्ष अंकित गुप्ता, जिला महामंत्री नरेश पोरवाल, महेश गुप्ता, सीए कमलेश धनोतिया, कान्हा फरक्या, मुकेश गुप्ता, विपिन संघवी, पीयूष पोरवाल, दुर्गेश वेद, आकाश मुजावदिया, अतुल धनोतिया, दीपक गुप्ता, दिनेश धनोतिया, आदित्य पोरवाल एवं पोरवाल महिला मण्डल से रश्मि वेद, संगीता मांदलिया आदि उपस्थित होकर पौधारोपण आयोजन में सहभागी बने। इस अवसर पर सभी अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया।

### शंकरगढ़ पहाड़ी पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व वन विभाग ने किया पौधरोपण

# प्रकृति संरक्षण हेतु अधिक से अधिक पौधरोपण करें: न्यायाधीश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशन अनुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजय प्रकाश मिश्र के मार्गदर्शन में एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरणअभिलाष मवार मार्गदर्शन में वन विभाग देवास एवं सामाजिक संस्था ग्रीन आर्मी श्रीजी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सामाजिक संस्था के संयुक्त तत्वावधान में वृहद स्तर पर शंकरगढ़ पहाड़ी पर पौधरोपण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि पर्यावरण संतुलन के लिए हमें संयुक्त रूप से पौधरोपण करना चाहिए, जिससे कि पर्यावरण का संतुलन समान रूप से रह सके एवं पर्यावरण का संरक्षण सभी के



माध्यम से किया जा सकता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा देवास जिले में पर्यावरण संरक्षण हेतु सभी तहसील न्यायालय जिला न्यायालय के न्यायाधीशों द्वारा सतत रूप से पौधरोपण किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज शंकरगढ़ पहाड़ी पर न्याय वाटिका के पास वृहद स्तर पर पौधरोपण कार्यक्रम किया जा रहा है।कार्यक्रम में अपर जिला न्यायाधीश उमाशंकर अग्रवाल, मनीष सिंह ठाकुर, यशपाल सिंह, अनु सिंह न्यायाधीश/ रजिस्ट्रार नीलेंद्र तिवारी न्यायिक मजिस्ट्रेट युवराज सिंह, किरण सिंह, रश्मि खुराना, रश्मि अभिजीत मरावी वन विभाग के एसडीओ संतोष शुक्ला जिला विधिक सहायता अधिकारी रॉबिन दयाल एवं ग्रीन आर्मी के सभी सदस्य गण तथा श्रीजी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के सभी सदस्य न्यायिक कर्मचारी गण, वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी-कर्मचारीगण पैरा लीगल वॉलंटियर उपस्थित थे।

## इनरव्हील क्लब का शपथ विधि समारोह हुआ सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

इनरव्हील क्लब देवास की नवीन कार्यकारिणी का शपथ विधि समारोह रोटरी क्लब के साथ सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि प्रभातकुमार साहू व रोटेरियन अमरजीत सिंह खनुजा द्वारा शपथ दिलाई गयी। नवीन अध्यक्ष चन्द्रकांता शर्मा को भूतपूर्व अध्यक्ष मीना वर्मा द्वारा कॉलर पहनाकर पदभार सौपा। अध्यक्ष चन्द्रकांता शर्मा को प्रज्ञा कानूनगो द्वारा, सचिव मोनिका जैन को सायरा कुरैशी द्वारा, एडिटर मेघा शर्मा को रेखा उपाध्याय द्वारा पिन लगाकर पद सौपा गया। इस अवसर पर नीला तिवारी, आशा चौहान, रेखा उपाध्याय, शिखा गुप्ता, राधिका वर्मा, सायरा कुरैशी आदि सदस्य उपस्थित थे ।

**खबर संक्षेप**

## अन्य बड़े ब्रांडों को टक्कर देगा जिला पंचायत का देशी घी गिर

**सीहोर।** महिलाओं को आत्मनिर्भर और उनको आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उदेश्य से जिला पंचायत में कई नवाचार किए जा रहे हैं। जिले में महिला स्वसहायता समूह अनेक उत्पाद निर्मित कर रहे हैं। जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी की पहल पर सीहोर जनपद अंतर्गत आने वाले ग्राम इमलीखेडा में घी और पनीर यूनिट प्रारंभ की गई है, जिसमें समूह की महिलाएं गिर गाय का शुद्ध घी बना रही हैं। फिलहाल खुले बाजारों में यह उत्पाद गिर घी के नाम से विक्रय किया जा रहा है। जिसे काफी पंसद भी किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जनपद पंचायत सीहोर के ग्राम इमडीखेडी में गिर घी और पनीर की यूनिट शुरू की गई है। यह यूनिट स्वसहायता समूहों की महिलाओं द्वारा संचालित की जा रही है। यहां बेकार पडे सीएचसी भवन में 9 लाख रुपए की लागत से कस्टम हाईरिंग सिस्टम यूनिट बनाई गई है। जहां दूध से घी और पनीर बनाने की प्रोसेसिंग की जाती है। एनआरएलएम की योजना के अंतर्गत तीन महिला स्वसहायता समूहों को गिर गाय खरीदने और यूनिट संचालन के लिए उद्योग विभाग से सब्सिडी उपलब्ध कराई गई। गुजरात के जूनागढ क्षेत्र से 12 स्वस्थ्य गिर गाय लाई गई हैं। न्यू राधिका आजीविका समूह यूनिट का संचालन कर रहा है।

उत्पादन बढ़ाने 50 गायों का लक्ष्य जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी उत्पाद के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि गिर घी की बाजारों में काफी डिमांड है, गाय पालन महिलाओं का जाना पहचाना कार्य है।

### घरेलू बिजली बिल बकाया नहीं भरने वालों के काटे गए बिजली कनेक्शन

# बिजली बिल बकायादारों के नाम किए सार्वजनिक, चौराहों पर लगाए फ्लेक्स

घरेलू कनेक्शन पर 3 करोड़ 5 लाख, गैर घरेलू एक करोड़ 80 लाख कृषि पंप 7 करोड़ 88 लाख रुपए विद्युत उपभोक्ताओं पर बकाया है।




हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

नगर में मध्यप्रदेश विघुत वितरण कंपनी द्वारा बिजली बिल बकायादारों के नाम सार्वजनिक किए गए। विभाग ने बकायादारों पर नकेल करना शुरू कर दिया है। इसके चलते उनके नाम की सूची सार्वजनिक की जा रही है। कंपनी के कर्मचारीयों ने नगर के गांधी चौक मुख्य बाजार पर भी फ्लेक्स लगाया है। नगर के बकायादारों के नाम सार्वजनिक किए उनके बाद ग्राम पंचायत स्तर पर नाम की सूची चस्पा की जाएगी। विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों के निर्देश अनुसार जेई अरविंद मंडलोई ने बताया कि बिजली चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाया जाएगा।

नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू कनेक्शन पर 3 करोड़ 5 लाख गैर घरेलू एक करोड़ 80 लाख कृषि पंप 7 करोड़ 88 लाख रुपए विद्युत उपभोक्ताओं पर बकाया है। इसके लिए किसी भी स्तर पर कतेही बर्दास्त नहीं की जाएगी। वहीं नगर में बकाया उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन भी सख्ती से काटे जा रहे हैं। अनधिकृत विद्युत उपयोग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और इसके लिए प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन का भी सहयोग लिया जाएगा उन्होंने मैदानी कर्मचारीयों से कहा कि बकायदारों के बिजली कनेक्शन को तत्काल विच्छेदित करें तथा जो बड़े बाकायादार है, उनके नाम को सार्वजनिक करके उनकी लिस्ट नगर सहित ग्राम पंचायत में प्रदर्शित करवाई जाएगी और बताया कि यदि कोई उपभोक्ता कनेक्शन विच्छेदन के बाद अपना कनेक्शन स्वयं ही जोड़ लेता है तो उसे पर भी निगरानी रखी जाएगी। यदि मीटर रीडिंग में गड़बड़ी हो रही है तो तत्काल मीटर रीडर को बर्खास्त किया जाएगा। जिन मीटर रीडरों द्वारा कोताही बरती जा रही है उन्हें यदि कंपनी बाहर करती है तो आउटसोर्स कंपनी पुनः नियुक्त कर देती है इस तरह की कार्रवाई न हो इसका भी ध्यान रखा जाए। विघुत विभाग के जेई अरविंद मंडलोई ने बताया कि बिजली का बिल नहीं भरने वाले बकायादारों के नाम सार्वजनिक किए गए। फ्लेक्स नगर में मुख्य बाजार गांधी चौक पर लगाए गए हैं। अभी यह अभियान नगर में चल रहा है उसके बाद ग्राम पंचायत स्तर पर भी बकायादारों के नाम सार्वजनिक होंगे और उनके वसूली करने की कार्रवाई की जाएगी।

# आश्रम में मासिक सत्संग और भजन का हुआ आयोजन



**श्यामपुर।** कार्यक्रम में बडी संख्या में उपस्थित हुए श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के श्यामपुर स्थित आश्रम शाखा द्वारा मासिक सतसंग और भजन संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत सुंदर भजनों के साथ प्रभु श्रीराम एवं श्री कृष्ण के धर्म संस्थापनार्थ अभियान पर आधारित विचार व्यक्त किए गए। संस्थान के संस्थापक एवं संचालक परम पूज्य दिव्य गुरु सर्वश्री आशुतोष महाराज जी की कृपा से चरणसेवक शिष्य स्वामी महादेवानंद ने बताया कि जब तक मानव अपने हृदय आसन में प्रभुश्री राम श्रीकृष्ण की स्थापना नहीं करेंगे, तब तक रावण कंस दुर्योधन जैसी कुप्रवृत्तियों का विनाश नहीं होगा। रावण कंस दुर्योधन वह आसुरी शक्तियाँ हैं जो विकारों के अधीन है। युवाओं के मन में उठने वाली दुष्प्रवृत्तियों बसे भरी कामनाओं, वासनाओं, मोह इत्यादि के कारण नारी समाज में शोषण की घटनायें बढ़ती जा रही हैं।

सर्वश्री आशुतोष महाराज भगवान शिव के सदृश दोनों नेत्रों के मध्य स्थित अग्नि नेत्र को जागृत कर मन में उठने वाले विकारों पर नियंत्रण रखने की चेतना का मार्ग प्रदान करते हैं। इस श्रंखला में संस्थान द्वारा बोध नामक प्रकल्प के माध्यम से हजारों युवाओं में चेतना जाग्रति का विस्तार हो रहा है। युवाओं को नशे के दलदल से बाहर निकाला जा रहा है। समाज का नवनिर्माण किया जा रहा है। स्वामी जी ने विचारों में आगे बताया कि भगवान श्री कृष्ण के जन्म के पहले समाज में घोर अंधकार व्याप्त था। कारागार के ताले बंद थे। पहरेदार सजग थे। और इस बंधन से छूटने का कोई रास्ता नहीं था। ठीक इसी प्रकार ईश्वर के साक्षात्कार के अभाव में मनुष्य का जीवन घोर अंधकामय है। उसके पास अपने कर्मों की कालकोठरी से निकलने का कोई उपाय नहीं है। उसके विषय विकार रूपी पहरेदार इतने सजग होकर पहरा देते हैं, कि उसे कर्म बंधनों से बाहर नहीं निकलने देते हैं। पर जब कभी उसके जीवन में पुण्य कर्मों व श्रद्धा के प्रताप से श्रोत्रिय बृह्मनिष्ठ गुरु का आगमन होता है, और उनकी कृपा से अन्तर्घट में ही ईश्वर का साक्षात्कार होता है, तब परमात्मा के सनातन दिव्य प्रकाश के साक्षात्कार से विषय विकार रूपी पहरेदार सो जाते हैं। कर्म बंधनों के ताले खुल जाते हैं और मनुष्य की मुक्ति का मार्ग प्रशस्त हो जाता है। सच्चे अर्थों में मानव समाज दिव्यता को प्राप्त कर सके। कार्यक्रम के अंत में आरती के उपरांत सभी भक्तजनों ने भंडारा कार्यक्रम के अंतर्गत भोजन प्रसाद ग्रहण किया। सहयोगी बंधुओं का धन्यवाद व आभार व्यक्त करते हुए स्वामी जी ने सबको सूचित किया कि आगामी 21 जुलाई रविवार को सभी धर्मप्रेमी भक्तजनों हेतु दोपहर 2 बजे से 5 बजे के मध्य संस्थान के नेशनल हाइवे श्यामपुर स्थित आश्रम में साध्वी बहिनों के मुखारबिंद दिव्य सतसंग प्रवचन भजन-संकीर्तन, महाआरती, ब्रह्मज्ञान की दीक्षा व ईश्वर साक्षात्कार आधारित ध्यान शिविर एवं भण्डारा प्रसाद का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जिसमें सभी धर्मप्रेमी भक्तजन सादर आमंत्रित हैं।

# भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा आनंद धाम आने पर भागवत कथा के दौरान कंस वध पर सुनाई कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भगवान जगन्नाथ के अपनी मौसी के यहां पधारने पर आनंद धाम पर संगीत मय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। कथा का पंचम दिवस था। श्रीमद् भागवत महापुराण मैं गोकुल में जन्म का, पुतना का उद्धार नामकरण संस्कार, कृष्ण बाल लीला, ब्रह्मा जी का मोह, कालिया नाग पर कृपा, वेणु गीत, गोवर्धन धारण महारास लीला, गोपी गीत कुब्जा पर कृपा, गुरुकुल में शिक्षा, रुक्मणी हरण आदि की विस्तार से कथा सुनाई। पँचम दिवस पर कथा व्यास पंडित कन्हैया लाल शर्मा भागवत भूषण ने भक्तों को विस्तार से बताया। पंडित गजेंद्र शास्त्री धर्म अधिकारी ने बताए। विगत 19 वर्षों से रथ यात्रा आनंद धाम पर आती है। भगवान यहां पर छुट्टी मनाने 7 दिन तक विश्राम करते हैं अपनी मौसी के घर आनंद धाम पर इस अवसर पर कथा श्रवण करने पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार, आरके दीक्षित, मुकेश आर्य, निखिल कुशवाहा, शीला शर्मा, मुकेश ताम्रकार, बाबू बृजेंद्र शर्मा,




उषा तिवारी, जीवन सिंह सोलंकी, , हंसकुमार वर्मा, ज्ञान सिंह ठाकुर, दीक्षांत गोस्वामी, लंकेश अवंतीपुर बडोदिया, चंचु ताम्रकार ,सुरेश पांचाल, दिलीप सांवरिया, कमलेश प्रीति ताम्रकार, शिव श्री वादी, राधेश्याम नायक, बृजमोहन सोनी, क्षमा शर्मा, उमा चंद्रशेखर शर्मा महेंद्र राधा शर्मा, रमा गजेंद्र शर्मा, अंजलि अनुराग शर्मा, बृजमोहन रानी सोनी भुवनेश्वरी शर्मा, सनातन देव शर्मा, धाता शर्मा आदि सभी भक्तगण उपस्थित रहे। धर्माधिकारी गजेंद्र शर्मा ने बताया कि आनन्द धाम पर 8 जुलाई से 14 जुलाई तक दोपहर में 2 बजे से शाम 5 बजे तक पंडित भवानी शंकर शर्मा के निवास आनंद धाम आष्टा पर कथा का आयोजन किया गया है।

# शुगर मिल जमीन मामले में अरोरा ने दी विधायक सुदेश राय को क्लीन चिट

**सीहोर।** वरिष्ठ भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा की प्रेस कॉन्फ्रेंस शनिवार को उनके निवास पर पेड़ पौधों से शुरू हुई और कालोनीनाइजरों पर करारा हमला करती हुई राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा के बाद विधायक सुदेश राय तक भी पहुंच गई। वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने कहा कि इछावर विधानसभा में फर्जी पट्टा देने वाले पटवारी सहित अन्य अधिकारियों पर कार्रवाई की जा रही है मध्य प्रदेश में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा से बड़ा कोई भी ईमानदार मंत्री नहीं है।



उन्होंने कहा कि प्रशासन ने हाल ही में कॉलोनीनाइजरो की लिस्ट जारी की है यह वही लोग हैं जिन्होंने पेड़ों को काटकर कॉलोनी बनाई है ऐसे कॉलोनी डेवलपर्स पर कार्रवाई होना चाहिए। एक सवाल के जवाब में श्री अरोरा ने कहा कि शुगर मिल की जमीन पर उसी के ही पूर्व कर्मचारियो के कब्जे हैं सीहोर विधायक सुदेश राय को झूठा बदनाम किया जाता है। भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा ने विधायक सुदेश राय को शुगर मिल जमीन के मामले में क्लीन चिट देते हुए कहा कि विधायक के कब्जे में शुगर मिल की कोई भी जमीन नहीं है हम सब भारतीय जनता पार्टी के सिपाही हैं और जनता के हित में काम कर रहे हैं। अरोरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ओर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश भर में एक पौधा मां के नाम अभियान चला रहे हैं इस अभियान में सभी राजनीतिक दलों और समाजसेवी संस्थाओं धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को बढ़-चडकर हिस्सा लेना चाहिए और अधिक से अधिक पौधों के लिए सुरक्षित स्थानों आष्टा रोड पहाड़ी पर शनि मंदिर के आसपास हजारों पौधे लगाए जा सकते हैं इछावर रोड वाली पहाड़ी पर भी बड़ी संख्या में पर पौधे लगाऐ जा सकते हैं वहां पहुंचकर पौधरोपण करना चाहिए जिससे कि हमारे आने वाली पीढ़ी सुरक्षित हो।

# अभियान के तहत विद्यार्थियों ने स्कूल में लगाए पौधे

### सुशीला विद्या मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल में चला एक पेड़ मां के नाम अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सुशीला विद्या मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल बागैर मे वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम पर अपने-अपने घर अपने-अपने गांव पर लगाने का का संकल्प छात्र छात्राओं को दिलाया गया। सर्वप्रथम सुशीला विद्या मंदिर में वृक्षारोपण और पर्यावरण की जागरूकता को लेकर 2 घंटे का बच्चों के बीच में सेमिनार आयोजित किया गया।

सर्वप्रथम सेमिनार का संबोधन संस्था के मार्गदर्शक अशोक परमार द्वारा किया गया, उसके पश्चात संस्था की प्राचार्या रानू परमार, संस्था के प्रबंधक नरेन्द्र परमार और संस्था के व्यवस्थापक राजेश परमार सभी ने बारी बारी से अपने अपने उत्बोधन में पर्यावरण के प्रति मानव की जिम्मेदारी, पर्यावरण से होने वाले लाभ, पेड़ पौधे लगाने से जलवायु इत्यादि में होने वाले परिवर्तन



आदि विषयों पर छात्र छात्राओं को जानकारी दी गई। मंच का संचालन संस्थान के वरिष्ठ शिक्षक श्री दिनेश दास बैरागी द्वारा किया गया। सेमिनार के



आयोजन के पश्चात बच्चों द्वारा संस्था में पीपल, बरगद, नीम, गुलमोहर, अमलतास, कदंब शीशम इत्यादि के पौधे लगाए गए।

### चरनोई भूमि और खेल मैदान के लिए प्रस्तावित भूमि पर लोगों ने कर लिया था अतिक्रमण

# राजस्व अमले ने पुलिस के साथ मिलकर हटाए अवैध कब्जे





हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

कलेक्टर प्रवीण सिंह के निर्देशन पर और आष्टा एसडीएम स्वाति मिश्रा उपाध्याय के मार्गदर्शन में तहसीलदार मुकेश सांवले ने राजस्व विभाग के अमले के साथ मौके पर रहकर पुलिस बल की मौजूदगी में ग्राम पंचायत जरखेड़ी अंतर्गत आने वाले ग्राम भील खेड़ी में गौशाला की चरनोई भूमि तथा खेल मैदान के लिए प्रस्तावित भूमि से अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को शांतिपूर्ण ढंग से हटा दिया।

आवंटित भूमि पर गांव के कुछ लोगों द्वारा सोयाबीन मक्का तुवर आदि फसलों की बोनी कर दी थी तथा कुछ लोगों द्वारा टपरिया भी बना ली थी। इसके चलते ग्रामीणों को अपनी मवेशियों को चराने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था वही सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमण की शिकायत ग्रामीणों द्वारा कई सालों से शासन को की जा रही थी। इसके चलते शुक्रवार को राजस्व विभाग द्वारा पुलिस बल की मौजूदगी में 43 एकड़ भूमि से अतिक्रमण हटाकर उसमें बोई हुई फसल को ट्रैक्टरों से नष्ट कर उसके आसपास पंचायत द्वारा तार फेंसिंग करवाई गई। वहीं जिन लोगों ने वहां पर टपरी बनाई थी। उनको 7 दिन के अंदर अपनी टपरी हटाने के मौखिक आदेश तहसील दार द्वारा दिए गए। इस कार्रवाई में तहसीलदार मुकेश सांवले सिद्दीकगंज थाना प्रभारी गोपेंद्र सिंह राजपूत, खाचरोद चौकी प्रभारी सूरज सिंह परिहार, एएसआई लोकेश निवारे, राजस्व निरीक्षक कमल कीर, हल्का पटवारी अजय वर्मा, बलराम रजक, राकेश मालवीय, सतीश मालवीय, राजेश मेवाड़ा, नरेंद्र जयसवाल, कृष्णकांत मेहरा, प्रधान आरक्षक ठाकुर प्रसाद, सैनिक माधव सिंह व ग्राम पंचायत सरपंच रघुवीर सिंह ठाकुर व पंचों की उपस्थिति में अवेध अतिक्रमण को हटाया गया।

# एबीवीपी ने रक्दान शिविर का किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के 76 वे स्थापना दिवस पर एबीवीपी स्टूडेंट फॉर सेवा के माध्यम से रक्त दान शिविर लगाया गया। जिसमें करीब 52 यूनिट ब्लड डोनेशन हुआ। विद्यार्थी परिषद नगर मंत्री रजत सोनी बताया कि हमारे मातृ संगठन एबीवीपी का 9 जुलाई को पूरे 76 वर्ष पूर्ण हो चुके है। जैसा की हम सभी जानते है आज के समय में विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है जो की 12 महीने महाविद्यालयों और विद्यालयों में एक्टिव रहने वाला एक मात्र छात्र संगठन है। इसी के चलते एबीवीपी नगर इकाई ने शहीद भगत सिंह महाविद्यालय में रक्त दान शिविर का आयोजन किया जिसमें भारी मात्रा में नगर की छात्र शक्ति व युवा शक्ति ने हिस्सा लिया।


निजी स्कूलों द्वारा निर्धारित की गई दुकानों पर ही मिल रही किताबें और स्कूल यूनीफॉर्म

# मनमानी : निजी पुस्तकें छपवाकर कमा रहे मुनाफा अभिभावक और विद्यार्थियों पर पड़ रहा अतिरिक्त बोझ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

नगर में नए शैक्षणिक सत्र शुरू होने के साथ ही निजी स्कूलों की मनमानी भी प्रारंभ हो गई। मनमाना मुनाफा कमाने के लिए किताबें कॉपी ड्रेस तक निजी स्कूलों द्वारा तय की गई। दुकान से ही पेरेंट्स की जेब सरेआम काटी जा रही है। नगर में संचालित निजी स्कूलों द्वारा हर बार प्रवेश शुल्क बढ़ा दी जाती है प्राइवेट स्कूलों की मनमानी के चलते शासन द्वारा तय किताबों के अलावा निजी पुस्तक के कोर्स में चला कर तेज दुकानों पे ही मिल रही है।

निजी स्कूल अपनी जेब भरने के लिए पिछले वर्ष का सिलेबस बदलकर नए वर्ष का सिलेबस चेंज करदेते है जिससे कोई गरीब बच्चा पिछले वर्ष की किताबें भी उपयोग नहीं कर सकता है। जैसे ही नए वर्ष के प्रवेश प्रारंभ होते हैं तो निजी स्कूलों की मनमानी के चलते पलकों की जेब पर डाका डालने का काम प्रारंभ कर देते हैं। निजी स्कूलों के द्वारा उनके मन चाहे प्रशाशको की कापी किताब लेने के लिए बाध्य किए जाने





लगा है। शहर के कहीं स्कूलों के हाल यह हैं कि जिन स्कूलों में बच्चों को एमपी बोर्ड व एनसीईआरटी की किताबें रखना चाहिए वह निजी प्रशासक की पुस्तक पढ़ने के लिए मजबूर हो रहे हैं। सूत्रों की माने तो निजी प्रशंसकों की पुस्तकों में स्कूल संचालक को 50 से 60 फीसदी तक कमीशन मिलता है। निजी स्कूल अपना सिलेबस चला रहा है। अभिभावकों ने बताया की बड़ी संख्या में निजी स्कूल खुल रहे हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल से तो मानता ले रखी है लेकिन हिंदी और अंग्रेजी माध्यम से उनके द्वारा पाठ्यक्रम निजी स्कूलों का चलाया जा रहा है। स्कूल संचालक खुद अपना सिलेबस तय करके पुस्तक पर मनमानी कीमत छपा कर रखते हैं। जिसमें उनका मोटा मुनाफा हो सके, नगर के कई निजी स्कूलों में खेल मैदान नहीं है फिर भी इनको मान्यता कैसे दे रखी है। खेल मैदान नहीं होने से नैनीताल का भविष्य खराब हो रहा है हालत यह है कि कहीं स्कूल तो चार कमरों में ही संचालित हो रहे हैं।

### सर्व सुविधा युक्त का कहकर चल रही लूट

निजी स्कूलों में एडमिशन के नाम पर मनमाना पैसा लिया जाता है। स्कूलों में बच्चों के लिए भले ही पर्याप्त सुविधाएं और साधन ही ना हो लेकिन एडमिशन फीस पूरी ली जाती है। कई निजी स्कूलों में वाहनों के नाम पर तूफान गाड़ियां मैजिक लगे हुए हैं जिससे वहां के नाम पर पलकों से मनमाना पैसा वसूला जाता है। सूत्रों के द्वारा बताया जाता है कि स्कूल एडमिशन फीस में गत वर्ष की तुलना में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई शहर में संचालित कुछ प्रतिष्ठित निजी स्कूलों में कंप्यूटर खेल और अन्य कोर्सों के नाम पर हजार रुपए तक अधिक लिए जा रहे हैं।

### कार्रवाई करेंगे...

एक ही दुकान पर किताब मिल रही तो इन पर कार्यवाही करेंगे। एक दो दिन में इनका निरीक्षण कर एक प्रतिवेदन कार्यवाही के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को भी लिखेंगे।

**कैलाश सोनी**, ब्लाक शिक्षा अधिकारी राजगढ़

*7 दिन में डॉक्टर की व्यवस्था नहीं हुई तो धरने पर बैठेंगे*



# अस्पताल में डॉक्टर को लेकर नायब तहसीलदार को दिया ज्ञापन


हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

जनपद पंचायत की सबसे बड़ी पंचायत संडावता जिसकी आबादी लगभग सात हजार है। इतनी बड़ी आबादी वाले संडावता कस्बे में 20 साल पहले एक करोड़ की अस्पताल बिल्डिंग बनी थी वो अब धूल खा रही है। वही वर्ष 2023 में 1 करोड़ 84 लाख से अधिक की नई बिल्डिंग भी सिर्फ पोलियो अभियान के लिए खोली जाती है। लेकिन उसके बाद से यहां न तो कोई डॉक्टर है और न ही कोई नर्स, ऐसे में नगर के गणमान्य नागरिक और ग्रामीण सहित स्थानीय पत्रकारों ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर डॉक्टर की व्यवस्था की मांग करते हुए कहा है की सात दिन में डॉक्टर की व्यवस्था न होने पर धरना दिया जाएगा। शनिवार को संडावता ग्रामीण अंचल के पत्रकार और गणमान्य नागरिक टप्पा कार्यालय संडावता में नायब तहसीलदार सुरेश सिंह के कक्ष में पहुंचे और अतिशीघ्र डॉक्टर की व्यवस्था के साथ ही अस्पताल में डिलीवरी पॉइंट शुरू करने की मांग की। इस दौरान गिरिराज गुप्ता, राजेश बैरागी, राहुल गौड़, पवन पाटीदार, मोहन नागर, जगदीश प्रजापति, रामविलास राठोर, फूलचंद अहिरवार ने नायब तहसीलदार को बताया की साल 2001 की बनी बिल्डिंग ध्वस्त होने की कगार पर है।

- संडावता और आसपास के 20 गांव वाले को नहीं मिल रहा इलाज

अब 2023 में एक करोड़ 84 लाख 71 हजार में नई बिल्डिंग बनाई गयी. 5 अगस्त 2023 को बिल्डिंग का लोकार्पण हुआ तो लोगों को उम्मीद थी की अब इलाज भी मिलेगा। लेकिन बिल्डिंग को सिर्फ पल्स पोलियो अभियान अथवा टीकाकरण के लिए ही खोला जाता है. जबकि लोकल संडावता में 7 हजार की आबादी के अलावा आसपास के दो दर्जन गांव जुड़े हुए है। जिनकी आबादी 30 हजार से अधिक है. जिनको छोटे छोटे इलाज के लिए सारंगपुर पचोर अथवा छापीहेड़ा तक जाना पड़ता है. बारिश के दौरान डिलीवरी में बड़ी परेशानी होती है. इलाज समय पर नहीं मिलने से कई महिलाएं मौत के मुंह में समा जाती है। अतः 7 दिन में डॉक्टर की व्यवस्था नहीं हो सकी तो 22 जुलाई से सभी पत्रकार और ग्रामीण गणमान्य धरने पर बैठकर आंदोलन करेंगे।

## करंट लगने से दो भैंस और तीन गायों की अब्दालपुरा गांव में मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

समीपवर्ती अब्दालपुरा गांव में बारिश के दौरान बिजली के खंबे में करंट उतरने से दो भैंस तथा तीन गायों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। करंट लगने से हुए दर्दनाक हादसा के तुरंत बाद किसान के द्वारा सूचना पुलिस थाने में दी गई। जिस पर पुलिस ने गायें एवं भैंस कि हुई इन मौतों के लिए पशु चिकित्सक को पीएम के लिए सुचित कर मामले को जांच में लिया। मिली जानकारी के अनुसार किसान बापूलाल पिता रुघनाथ दाँगी उम्र 50 साल निवासी ग्राम अब्दालपुरा ने अपने भाई रामेश्वर दाँगी के साथ थाना उपस्थित होकर सूचना दी कि मेरे घर के सामने बाड़े में तेज बारिश के दौरान बिजली के खंभे से करंट उतरने से दो भैंस तथा तीन गायों की करंट लगने से मौत हो गई। घटना बीते शुक्रवार की है। किसान ने बताया कि मेरा करीब 2 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस ने तत्काल पशु चिकित्सक को पीएम के लिए सुचित किया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## लायंस हेल्पिंग हैंड्स का दो दिवसीय पौधरोपण कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

लायंस क्लब इंटरनेशनल, लायंस हेल्पिंग हैंड्स क्लब अशोकनगर द्वारा दो दिवसीय वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रथम दिन जिला शिक्षा विभाग पर एवम दूसरे दिन मगरदा टोरिया, पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। डीईओ कार्यालय में डॉ नीरज शुक्ला डीईओ ऑफिसर, कि उपस्तिथि में लायन फिरोज़ सुलताना की अध्यक्षता में करीब 15 पौधे लगाए। क्लब की पूर्व जोन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन वैशाली सलूजा ने बताया कि पृथ्वी पर जीवन के लिए पेड़ अपरिहार्य हैं। वे ऑक्सीजन, फल और आश्रय प्रदान करते हैं, जो पर्यावरण संतुलन में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। पेड़ जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करते हैं, मिट्टी के कटाव को रोकते हैं और हवा को शुद्ध करते हैं, जिससे हमारा ग्रह रहने योग्य बनता है। हममें सासों का कर्ज चुकाना है, हर व्यक्ति को अपने जीवन काल में जितने हो सकें पेड़ लगाने हैं, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ हवा मिल सके।

## गुरु रविदास विश्व महापीठ ट्रस्ट के राष्ट्रीय प्रदेश उपाध्यक्ष बने टेटवाल

**सारंगपुर।** गुरु रविदास विश्व महापीठ ट्रस्ट हरिद्वार द्वारा मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गौतम टेटवाल को गुरु रविदास विश्व महापीठ ट्रस्ट



हरिद्वार द्वारा राष्ट्रीय प्रदेश उपाध्यक्ष के पद से नवाजा गया है। इनकी नियुक्ति ट्रस्ट के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष दुष्यंत कुमार गौतम एवं अंतरराष्ट्रीय महामंत्री आत्माराम परमार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष रविदासाचार्य सुरेश राठौर राष्ट्रीय महामंत्री संगठन सूरजभान कटारिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री सुरेश कैरो की अनुशंसा पर टेटवाल को गुरू रविदास विश्व महापीठ के सिद्धान्तो को स्वीकारते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया।

# नपा ने अंत्येष्टि सहायता राशि वितरण की



**जीरापुर।** शासन द्वारा संचालित गरीब कल्याण और सहायता राशि का नगर परिषद द्वारा हितग्राही को वितरित की। हितग्राही मूलक योजना अंतर्गत पात्र लोगों को समय-समय पर शासन की योजनाओं का लाभ मिले। इसी कड़ी में नगर परिषद कार्यालय में शासन की जन कल्याणकारी मुख्यमंत्री संबल योजना के अंतर्गत निकाय के पंजीकृत तीन हितग्राहियों साक्षी सोनी, बदेसिंह सिंह सोंधिया,नीलोफर बी के परिवारजनों की मृत्यु उपरांत इनको अंत्येष्टि सहायता राशि 5000 पांच हजार रुपए प्रति हितग्राही के मान से 15 हजार रुपए नगद राशि मृतको के परिवारजनों को अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह द्वारा प्रदान की गई। इसी के साथ-साथ नो हितग्राहियों को खाद्यान पात्रता पर्ची भी वितरित की गई। इस अवसर पर पार्षद बंकट माहेश्वरी,संजय भावसार, कुशल कुशवाह, कमल झावा सहित मुख्य नपा अधिकारी मेहमूद अली खान, देवनारायण दांगी, कमल भावसार, नीरज मालवीय एवम अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दूसरे दिन शव गडगच बटेड़िया नदी से मिला

## तेज बारिश से रपटे पर पानी आने से टुटियाहेड़ी में 20 वर्षीय युवती बही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

समीपवर्ती ग्राम टुटियाहेड़ी के रपटे से गांव जाने वाले रास्ते में 20 वर्षीय युवती बह गई। नदी पर बने रपटे से गांव जाने का रास्ता है। प्रतिदिन की तरह ग्रामीण रपटे से गांव जाते हैं लेकिन अचानक तेज बारिश के कारण रपटे पर पानी आ गया ओर तेज बहाव ने युवती को अपनी चपेट में ले लिया। जैसे ही युवती अपने माता-पिता के साथ रपटा पार कर रही थी तेज बहाव के कारण वह बहने लगी। जिसे बचाने का प्रयास पिता द्वारा किया गया लेकिन तब तक युवती बह चुकी थी। जानकारी के मुताबिक ग्राम टुटियाहेड़ी निवासी मंजू पिता विजय



सिंह जाति सोंधिया 20 वर्ष शुक्रवार शाम को अपने ग्राम टुटियाहेड़ी की पुलिया के रपटे को पार कर रही थी जोकि अपने खेत से लोट रहे थे।उस दौरान माता पिता बैल को लेकर साथ आ रहे थे जैसे ही मंजू बहनें लगी पिता ने कोशिश की लेकिन नाकामयाब रहे। जैसे ही युवती बहने के सुचना प्रशासन को लगी। वह भी मौके पर पहुंचे। शनिवार को मौके पर एसडीओपी आनन्द राय, नायब तहसीलदार रामनिवास धाकड़ राजस्व टीम द्वारा सर्चिंग की गई इस दौरान गोताखोर ने युवती को खोजा जो गडगच बटेड़ियां कि नदी से शव मिला, जिसे माचलपुर लाया गया जहां पोस्ट मार्टम किया गया।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान, मॉडल स्कूल में रौपा कल्पवृक्ष का पौधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शनिवार को मॉडल स्कूल में पौधारोपण किया गया। इस मौके पर बतौर अतिथि विधायक मोहन शर्मा मौजूद रहे। जिन्होने पिछली कक्षाओं में अव्वल आने वाले छात्र-छात्राओं को पुस्कृत करते हुए उन्हे आगे भी मन लगाकर पढ़ने की बात कही। इस दौरान स्कूल परिसर में पौधरोपण अभियान चलाकर विधायक ने कल्पवृक्ष का पौधा रोपा। वही परिसर में अन्य पौधे भी लगाए गए। मौजूद सभी लोगों ने पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प भी दोहराया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह राठौड़, भरत



झंवर, अनिल बिहानी, रिंकू जाट, देवेन्द परमार, विभोर वर्मा, दिनेष नागर, कपिल वैध, मनोज जड़यिा, अभिषेक गुप्ता, पं. दिलीप शर्मा, राजकुमार वर्मा सहित स्कूल प्राचार्य बीडी सक्सेना, महेन्द्र हाड़ा, अमित बंधु, प्रभातकांत शुक्ला सहित अन्य मौजूद थे।

## मंदिर के जीर्णोद्धार पर धार्मिक कार्यक्रम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

नगर के चंपी मोहल्ला स्थित सोठेवाले हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण होने पर मंदिर समिति द्वारा दो दिवसीय भव्य धार्मिक आयोजन सम्पन्न किए जा रहे है। इसी कड़ी में शनिवार को मंदिर में विषेष पूजा अर्चना उपरांत कलष यात्रा निकाली गई। जो प्रातः 11 बजे मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पुनः मंदिर पहुंची जहां महाआरती सम्पन्न की गई। बैंडबाजो के साथ निकली कलष यात्रा में महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर अपने सिर पर कलष लेकर मंगल गीत गाते हुए चल रही



थीं। वहीं पुरूष वर्ग भगवान के जयकारे लगाते चल रहे थे। शाम को मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। वही आज रविवार को यज्ञ पूर्णाहुति और भंडारा महाप्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। कलष यात्रा में विधायक मोहन शर्मा सहित बड़ी संख्या मे में मंदिर श्रृद्धालु सम्मिलित हुए।

## लायंस क्लब ने किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

लायंस क्लब सारंगपुर द्वारा तहसील परिसर में स्थित लायंस गार्डन में पौधारोपण किया। जिसमें लगभग पच्चीस फलदार एवं छायादार पोधे पीपल, आम, पपीता, शीशम, नीम, बरगद, गुड़हल आदि का रोपण किया। इस अवसर पर पर्यावरण समिति सारंगपुर का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लायन प्रभा पालीवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया की प्रत्येक व्यक्ति को जन्म से लेकर मृत्यु तक लकड़ी की आवश्यकता पड़ती है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में पांच पेड़ अवश्य लगाना चाहिए, क्लब के वरिष्ठ सदस्य लायन ओ.पी. विजयवर्गीय ने भी पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान लायन राजेंद्र पालीवाल, महेश शर्मा, ममता शर्मा, मोहम्मद मंसूरी, निलेश वर्मा, विजय बारकिया, प्रदीप जोशी, अंजलि जोशी, विनय मकोडिया, दिनेश राठौर, अनिमेष जैन, सहायक मदनलाल पर्यावरण समिति से नंदकिशोर सोनी, रामनारायण टेटवाल, जयहिंद दुबे, राजेंद्र टेटवाल आदि उपस्थित थे।

## पलकिन करोड़िया बनीं चार्टर्ड अकाउंटेंट

**जीरापुर।** नगर के मेड़तवाल समाज के करोडिया परिवार कि बेटी चार्टर्ड अकाउंटेंट बनी। किरण व्यवसाय ओम प्रकाश करोड़िया की पुत्री पलकिन के सीए बनने पर समाज



बंधुओं एवं परिवार जनों ईष्ट मित्रों ने पलकिन के उज्जवल भविष्य कि कामना करते हुए बधाई दी। मेड़तवाल समाज के मध्य प्रदेश एवं राजस्थान के अलग-अलग ग्राम,नगर,शहर से यह योग्यता हासिल की है। जिसमें लगभग 22 बच्चों ने अपनी योग्यता का परिचय देते हुए चार्टर्ड अकाउंटेंट बने। इनमें पलकिन करोडिया, चिराग गुप्ता, शिवानी गुप्ता जीरापुर के रहने वाले हैं।

पिछले साल भी जिले में मानसून की बेरुखी के चलते बारिश कम हुई

# रुक-रुक कर हो रही बारिश, नदी और डैम पड़े खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाजापुर

जिले में रुक-रुक कर हो रही वर्षा से अभी नदी और तालाब और डैम खाली पड़े हैं। वहीं जिले के शुजालपुर तहसील में भी पहले 8 से 10 दिन में नलों से पानी दिया जाता था अभी दो दिन छोड़कर पानी दिया जा रहा है। एक जून 2024 से अब तक शाजापुर में 229 मिमी, मो. बड़ोदिया में 207, शुजालपुर में 257, कालापीपल में 428, गुलाना में 122, पोलायकलां में 120 एवं अ.बड़ोदिया में 177, इस प्रकार जिले में 220.1 मिमी औसत वर्षा हुई है। एक साल के लिए जिले को करीब 990.1 मिमी बारिश की जरूरत होती है।

हालांकि अभी जिले में कालीसिंध, लखुंदर, नेवज, पार्वती, चीलर जैसी नदियां में पानी की धार अब चलने लगी है। चीलर डैम खाली है, वहीं शुजालपुर के इलाके के सभी 22 स्टाप डैम और 21 तालाब में से हिमलेश्वर, जेठडा, भान्याखेड़ी लगभग खाली हैं। हालांकि वर्षा की रिमझिम रफ्तार के कारण



स्थानीय नदियों की धार भी अब चलने लगी है। शुजालपुर और कालापीपल तहसील के सभी 22 स्टाप डेम के गेट सितम्बर माह में बंद किए जाते है, इसलिए वे खाली हैं। 18 तालाब में पानी का भराव बढ़ रहा है। स्टाप डेम अवंतीपुर बड़ोदिया,कोठड़ी,बोल्दा, बिनाया, देवनखेडी, पीली करार पार्वती, बांकाखेड़ी-डुंगलाय, तिलावद, कश्मीरी स्टाप डेम, खेड़ा रायपुर, बापचा, पारदाखेड़ी, झुंडी, बंजारी सहित सभी 22 स्टाप डैम में अभी तक पानी स्थायी रूप से संग्रहीत नहीं हो सका है।

### 46 मीटर नीचे चल गया भू जल स्तर

पीएचई विभाग के अनुसार जिले में अभी भू जल स्तर 46 मीटर नीचे चल गया है। अभी भू जल स्तर में कोई बदलाव नहीं हुआ है। शहर की करीब एक लाख आबादी की जलापूर्ति का मुख्य स्त्रोत चीलर बांध है। शहर में प्रतिदिन 10 लाख लीटर पानी की आवश्यकता होती है। वर्ष 2023 में चीलर डैम में करीब 17 फीट तक ही भर पाया था, जबकि एक साल के लिए पेयजल और सिंचाई की पूर्ति के लिए डेम में 23 फीट पानी की जरूरत होती है। पिछले साल भी जिले में मानसून की बेरुखी के चलते बारिश कम हुई और चीलर बांध में इस बार 17 फीट पानी जमा हुआ था। टुकड़ों-टुकड़ों में हुई बारिश की वजह से पेयजल स्त्रोत जैसे डैम-तालाब लबालब नहीं भर सके। इस वर्ष भी कम बारिश के कारण हालात बेहद अधिक भयावह दिखाई दे रही हैं।